## सुविचार



जहां चक्रवर्ती सम्राट की तलवार कुंठित हो जाती है, वहां महापुरुष का एक मधुर वचन ही काम कर देता है।

- अयोध्या सिंह उपाध्याय `हरिऔध`


# अमृत विचार

## बरेली महानगर

बरेली, शनिवार, 7 फरवरी 2026


### बरेली के प्रमुख समाचार


- नगर निगम : स्वच्छता में नया मुकाम बनाने को शहर तैयार-II
- एसआईआर : समय सीमा बढ़ने से मतदाताओं को राहत-III
- देश की विविध संस्कृति को जानने के लिए पहुंचे कश्मीरी युवा-IV


## सिटी ब्रीफ

### परिवार पर फर्जी मुकदमा लिखवाने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** शहर में 26 सितंबर को हुए बवाल के मामले में जेल में बंद पार्षद अनीस सकलैनी के परिवार पर भी पूर्व पार्षद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। अनीस सकलैनी की बेटी इल्मा ने शुक्रवार को एडीजी से की शिकायत में कहा है कि उसके पिता को जेल में हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा गया है। उनकी मुलाकात डबल जाली व उसके पास दीवार के पास 2-3 गज की दूरी पर कराई जाती है, लेकिन उसके पिता और परिवार के अन्य लोगों पर हत्या की सुपारी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इल्मा ने कहा चुनावी रंजिश के तहत पूर्व पाषर्द की तरफ से फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उसने मुकदमे की जांच बारादरी थाने से न कराकर किसी दूसरे थाने से कराने की मांग की है।

### घर में तोड़फोड़ कर लाखों की चोरी

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर क्षेत्र में चोरों ने एक घर में तोड़फोड़ कर लाखों रुपये के जेवर और कीमती सामन समान चुरा लिया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीसीटीवी फुटेज के जरिये चोरों की तलाश की जा रही है। थाना क्षेत्र के मेगा मेंसन कॉलोनी निवासी अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि 5 फरवरी को चोरों ने उनके मकान की दीवार में सेंध लगाकर अलमारियों के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात, नकदी समेत अन्य कीमती सामान चुरा लिया। सुबह उन्हें इसकी जानकारी हुई। वहीं, चोरी की घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

### शहर में आज

- भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) मासिक बैठक गन्ना समिति में कर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देगी दोपहर 12.30 बजे।
- प्रेमनगर स्थित संगत समतावाद समता योग आश्रम में वार्षिक सत्संग सम्मेलन का आयोजन शाम 7 बजे से। = पूर्व मंत्री एवं एमएलसी डॉ. महेंद्र सिंह सर्किट हाउस पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ वार्ता करेंगे दोपहर 3 बजे।
- प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से कार्य समिति की बैठक रात 9 बजे।

# चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध लगाने को नौ कमेटियां गठित

## कमेटियां सिंथेटिक मांझा, सीसा लेपित, नायलॉन पतंग डोरी व चाइनीज मांझे के निर्माण, भंडारण, उपयोग व बिक्री पर रोक लगाने को करेंगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चाइनीज मांझे से मौत होने पर उसे हत्या मानते हुए कार्रवाई करने के निर्देश देने के बाद जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शुक्रवार को जनपद में सिंथेटिक मांझा, सीसा लेपित, नायलॉन पतंग डोरी एवं चाईनीज मांझे के निर्माण, भंडारण और उपयोग व बिक्री पर पूर्णता रोक लगाने के लिए कमेटियां गठित की हैं। इसमें पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही राज्य कर विभाग के अधिकारी भी शामिल किए गए हैं। खूनी मांझे पर प्रतिबंध लगाने के लिए नगर निगम सीमा क्षेत्र के लिए तीन और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रत्येक तहसील में अलग-अलग कमेटी गठित की हैं।

जिलाधिकारी की ओर से जारी किए गए आदेश में बताया है कि पर्यावरण विभाग ने पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 की धारा-5 के अन्तर्गत 2 मार्च 2016 को आदेश जारी कर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पतंग उड़ाने के लिए चीन में निर्मित मांझे का प्रयोग, घटनाओं के दृष्टिगत उस पर प्रतिबंधित लगाया था। इसको ध्यान में रखते हुए जनपद में सिंथेटिक मांझा, सीसा लेपित, नायलॉन पतंग डोरी एवं चाईनीज मांझे के निर्माण, भण्डारण, उपयोग एवं बिक्री पर लगाए गये प्रतिबंध का अनुपालन कराने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों के अन्तर्गत सघन तलाशी अभियान चलाकर आवश्यक कार्रवाई करने को कमेटी गठित की हैं। यदि कोई भी नियमों या निर्देशों का उल्लंघन करेगा तो इस संबंध में पांच वर्ष कारावास या एक लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान है।



शहर में कबूतर चौक पर पतंग और मांझे की खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार



चाइनीज मांझे की रोकथाम को लेकर बताशे वाली गली में एक दुकान पर जांच करते पुलिस अफसर। ● अमृत विचार

- नगरीय क्षेत्र में तीन और ग्रामीण क्षेत्रों में सभी तहसीलों के एसडीएम की अध्यक्षता में कमेटियां बनीं

### टीमों में ये अधिकारी शामिल किए गए

शहरी क्षेत्र की पहली टीम में नगर मजिस्ट्रेट अध्यक्ष, संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारी और क्षेत्र के राज्य कर अधिकारी सदस्य। दूसरी टीम में अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम अध्यक्ष, संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारी और क्षेत्र के राज्य कर अधिकारी सदस्य, तीसरी टीम में अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय अध्यक्ष, संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारी और क्षेत्र के राज्य कर अधिकारी सदस्य होंगे, जबकि ग्रामीण क्षेत्र में बहेड़ी, फरीदपुर, सदर, नवाबगंज, आंवला, मीरगंज तहसीलों के एसडीएम अध्यक्ष, सीओ और क्षेत्र के राज्य कर अधिकारी सदस्य बनाए गए हैं।

जिलाधिकारी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि असफलता या उल्लंघन दोष सिद्धि की तारीख के बाद एक वर्ष की अवधि में जारी रहा तो 7 वर्ष की सजा होगी। अधिकारियों की टीम आवश्यक कार्रवाई करेगी। उस कार्रवाई की आख्या से जिलाधिकारी को भेजेगी। यह भी अवगत कराया कि मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि यदि किसी भी स्थान पर चाईनीज मांझे से मृत्यु की घटना संज्ञान में आती है तो उसे हत्या मानते हुए सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति सिंथेटिक मांझा, सीसा लेपित, नायलॉन पतंग डोरी एवं चाइनीज मांझे के निर्माण, भंडारण और उपयोग व बिक्री की जानकारी देगा तो उसे पुरस्कृत करने के साथ नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### सख्ती : किला और कोतवाली क्षेत्र में चाइनीज मांझे के खिलाफ छापेमारी

**बरेली, अमृत विचार :** सीएम की सख्ती के बाद जिले में चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। पुलिस ने शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन भी चाइनीज मांझे की तलाश में किला और कोतवाली क्षेत्र में अभियान चलाया। टीम को कहीं से चाइनीज मांझा बरामद नहीं हुआ। वहीं दुकानदार और मांझा कारीगरों को चेतावनी दी गई है कि अगर वह चाइनीज मांझा बनाते या बेचते हुए पकड़े गए तो कार्रवाई की जाएगी। किला के बाकरगंज हुसैन बाग में सीओ सोनाली मिश्रा और कोतवाली क्षेत्र के आजमनगर, बताशे वाली गली समेत अन्य जगह पर सीओ प्रथम आशुतोष शिवम ने अपनी टीम के साथ चाइनीज मांझे की चेकिंग की। पुलिस की इस कार्रवाई से बाजार में भगदड़ मच गई। हालांकि, इस दौरान पुलिस को मौके से चाइनीज मांझा बरामद नहीं हुआ, लेकिन कारीगरों और दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई है। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि 15 जनवरी से ही जिले में अवैध मांझे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 20 दिनों में पुलिस ने जिले के विभिन्न थानों में 8 मुकदमे दर्ज किए हैं। इस कार्रवाई में अब तक 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके कब्जे से 60 चरखी चाइनीज मांझा बरामद किया गया है। एसएसपी ने कहा कि सभी सीओ के नेतृत्व में टीमें गठित हैं, जो 11 फरवरी तक लगातार सत्यापन और छापेमारी का काम करेंगी। उन्होंने बताया कि सभी थानों में मांझा कारीगरों के साथ मीटिंग भी की गई है।

# कन्हैया गुलाटी और राजेश मौर्या की खुली हिस्ट्रीशीट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कई राज्यों में निवेश कराकर मोटा मुनाफा देने का लालच दिखाकर 800 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने के आरोपी कन्हैया गुलाटी की हिस्ट्रीशीट पुलिस ने खोली है। कन्हैया गुलाटी के खिलाफ 100 से अधिक मामले दर्ज हो चुके हैं। इन मामलों की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई है। उधर एक अन्य जालसाज राजेश मौर्य की भी पुलिस ने हिस्ट्रीशीट खोली हैं। राजेश के खिलाफ भी जिले के अलग-अलग थानों में 30 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

कैनविज कंपनी के मालिक कन्हैया गुलाटी ने लोगों को निवेश से मोटा मुनाफा देने का झांसा देकर कंपनी में पैसा लगवाया। कुछ समय तक निवेशकों को निवेश की गई धनराशि के आधार पर रकम दी गई, लेकिन बाद में पैसा देना बंद कर दिया। कैनविज कंपनी के कारिंदों ने जमीनों में निवेश कराने के नाम पर भी लोगों से भारी भरकम धनराशि लेकर हड़प ली। शिकायतों की बाढ़ आने पर एसएसपी अनुराग आर्य ने कन्हैया गुलाटी के खिलाफ दर्ज मामलों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। पुलिस अब तक सौ से अधिक मामले दर्ज कर चुकी है। कन्हैया गुलाटी की हिस्ट्रीशीट को लेकर भी एसएसपी अनुराग आर्य ने बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय से पत्रावली तलब की थी। एसएसपी ने शुक्रवार की रात कन्हैया गुलाटी की बी क्लास की हिस्ट्रीशीट खोली है।



कन्हैया गुलाटी। ● अमृत विचार

- कन्हैया गुलाटी पर 800 करोड़ से अधिक की ठगी का आरोप, दर्ज हो चुके सौ से अधिक मुकदमे

### राजेश मौर्य पर भी पुलिस ने कसा शिकंजा



शहरवासियों को तीन सौ करोड़ रुपये का चूना लगाने के आरोपी श्री गंगा इंफ्रासिटी के निदेशक राजेश मौर्य पर भी 30 से अधिक ठगी के मुकदमे दर्ज हैं। छह साल पहले श्री गंगा इंफ्रासिटी के निदेशक राजेश मौर्य ने शहरवासियों को जमीन में निवेश करने पर मोटा मुनाफा होने का झांसा देकर तीन सौ करोड़ रुपये की ठगी की थी। जब कंपनी के पास करोड़ों रुपये जमा हो गए तो राजेश अचानक लापता हो गया था। बारादरी पुलिस उसे गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी थी, लेकिन वह जमानत पर बाहर आ गया था। इसके बाद मई 2025 में गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने उसे फिर से जेल भेजा था। कन्हैया गुलाटी के साथ राजेश मौर्य की भी बी क्लास हिस्ट्रीशीट खोली गयी है।

## नाबालिग से शोषण के बाद निकाह, अब मांग रहा 10 लाख

**बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार:** भरोसे का फायदा उठाकर युवक ने किशोरी का शारीरिक शोषण किया। मामला उजागर होने पर निकाह कर लिया। अब वह किशोरी को मायके में छोड़कर दहेज में मकान और नकदी मांग रहा है। पीड़िता की मां ने युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

कस्बा निवासी विधवा का आरोप है कि ऊधम सिंह नगर के किच्छा निवासी अरबाज उर्फ तौसीफ ने नाबालिग बेटी के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। जब किशोरी ने यह बात परिजनों को बताई तो आरोपी ने बदनामी के डर से निकाह कर लिया। निकाह के बाद उसने किशोरी को मायके छोड़ दिया कि कुछ समय बाद उसे अपने साथ ले जाएगा।

# युवक की हत्या में तीन भाइयों समेत पांच को उम्रकैद

विधि संवाददाता, बरेली

- 18 साल पहले तत्कालीन प्रधान ने भाइयों व साथियों संग घर में घुसकर की थी हत्या
- अपर सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने सुनायी सजा, प्रत्येक पर 75-75 हजार का जुर्माना

**अमृत विचार :** रास्ते के विवाद में 18 साल पहले घर में घुसकर युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में थाना हाफिजगंज के ग्राम औरंगाबाद निवासी तीन सगे भाइयों नन्हे उर्फ रणजीत, सोमपाल, तत्कालीन ग्राम प्रधान संजय व दो अन्य गुड्डा उर्फ विक्रम नाई और नवाबगंज ग्राम के ठिरिया सैदपुर निवासी भजन लाल को परीक्षण में दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश तबरेज अहमद ने प्रत्येक को आजीवन कारावास व 75-75 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। तीनों भाइयों के पिता धर्मपाल की दौरान विचारण मृत्यु होने के कारण उसके विरुद्ध कार्यवाही उपशमित कर दी गयी। जुर्माने की पूरी रकम मृतक के माता-पिता को बतौर मुआवजा मिलेगी।

सरकारी वकील दिगम्बर पटेल व मनोज वाजपेयी ने बताया कि वादी मुकदमा सतीश ने थाना हाफिजगंज में तहरीर देकर बताया था कि 18 मार्च 2008 को उसके गांव के नन्हे ने उसके घर के पास खाली पड़ी जगह में रास्ता बंद करते हुए धान का पुआल लगा दिया था, जिससे हम लोगो का रास्ता बंद हो गया था। पुआल हटाने के लिए कहा था तो यह लोग रंजिश मानने लगे थे। 19 मार्च 2008 को शाम करीब 6 बजे वह मजदूरी करके वापस आया और घर में बैठकर मां, पिता, भाई सुखलाल तथा गांव के दीनानाथ के साथ बैठकर बातें कर रहे थे। तभी नन्हे लाइसेंसी रिवाल्वर, उसका भाई संजय लाइसेंसी राइफल और उसके पिता धर्मपाल लाइसेंसी बंदूक, उसके भाई सोमपाल, भजन लाल और गुड्डा अपने हाथों में तमंचा लेकर गाली गलौज करते हुए उसके घर में घुस आये और हम लोगों के साथ मारपीट करने लगे। उसके भाई सुखलाल ने विरोध किया तो उसके सीने में गोली मार दी, जिसकी मौके पर मृत्यु हो गयी तथा पिता पर भी जान से मारने की नीयत से फायर मारा जिनके सीने व हाथ में गोली लगी।

हमलावरों ने उसके घर की औरतों के साथ मारपीट, गाली गलौज की। संजय सिंह उसके गांव का हेकड़ दबंग प्रधान है, जिसके डर के कारण गांव का कोई भी आदमी सामना करने को तैयार नहीं होता है। संजय सिंह का गांव में काफी आतंक है। भाई सुखलाल की लाश मौके पर पड़ी है। पिता को लेकर आया हूं। तहरीर पर पुलिस ने सभी 6 आरोपियों के विरुद्ध बलवा, हत्या, अपमानित करने, मारपीट, हत्या के प्रयास, घर में घुसने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उपरांत आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। अभियोजन ने 10 गवाह पेश किये।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बढ़ेगी एमएसएमई की उत्पादन क्षमता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वधवानी फाउंडेशन और आईआईए की ओर से कार्यशाला का हुआ आयोजन

**अमृत विचार :** वधवानी फाउंडेशन ने इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) बरेली चैप्टर और ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (एआईएमए) के सहयोग से शुक्रवार को शहर के एक होटल में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें उद्यमियों को एआई के व्यावहारिक और व्यवसाय-केंद्रित उपयोग की जानकारी दी गई।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य एमएसएमई उद्यमियों को उभरती तकनीकों, विशेषकर एआई के व्यावसायिक अनुप्रयोगों से परिचित कराना था। ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के असिस्टेंट डायरेक्टर एकता नैय्यर ने बताया कि किस तरह एआई का इस्तेमाल उत्पादन क्षमता बढ़ाने, लागत नियंत्रण और मानव संसाधन से लेकर वित्तीय निर्णयों तक में किया जा सकता है। प्रतिभागियों ने इसे अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया। वाधवानी फाउंडेशन की श्वेता सिंह ने प्रतिभागियों को वधवानी एक्सेलेरेट बिजनेस ग्रोथ सपोर्ट प्रोग्राम, वधवानी स्प्रिंट प्लेटफॉर्म और लिफ्ट ऑफ एआई प्लेटफार्म जैसे संसाधनों की जानकारी दी। बताया कि इन प्लेट फॉर्म्स के माध्यम से एमएसएमई उद्यमी व्यवसायिक चुनौतियों की पहचान और एआई आधारित रणनीतियों और योजनाओं को अपने व्यवसाय में लागू कर सकते हैं। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में एआई को अपनाना उद्योगों के लिए आवश्यकता बन चुका है। इस प्रकार की कार्यशालाएं उद्यमियों को नई तकनीक से जोड़कर उन्हें अधिक सक्षम, प्रतिस्पर्धी एवं भविष्य के लिए तैयार बनाती हैं। आईआईए बरेली चैप्टर के चेयरमैन मयूर धीरवानी ने कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक युग में एमएसएमई एवं उद्योगों के लिए एआई कोई विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुका है। सचिव रजत मेहरोत्रा ने कहा कि यह कार्यशाला एमएसएमई उद्यमियों के लिए उपयोगी रही। आशीष गुप्ता ने कहा कि एआई के माध्यम से वित्तीय प्रबंधन, लागत नियंत्रण एवं संसाधनों के बेहतर उपयोग की असीम संभावनाएं हैं। कार्यशाला में शाहजहांपुर के चैप्टर चेयरमैन विनम्र अग्रवाल, मुरादाबाद के चैप्टर चेयरमैन रवि कटारिया, धनंजय विक्रम सिंह, तरुण अग्रवाल, आशुतोष शर्मा, राजीव आनंद, सलिल बंसल, सजल गोयल, सुदीप राजगाढ़िया, ध्रुव खानिजों, प्रियंक वर्मा, मंसूर कटियार, सौरभ मेहरोत्रा, अंशुल जैन, अंकित अग्रवाल, अमन अरोरा सहित मंडल से करीब सौ उद्यमियों ने भाग लिया।



होटल में आयोजित कार्यशाला में बोलते वक्ता और मौजूद उद्यमी। ● अमृत विचार

# डीआरएम कार्यालय के बाहर शव रखकर किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- परिजनों ने मृतक रेल कर्मी के अधिकारी पर लगाया उत्पीड़न करने का आरोप
- काम के दबाव में हुआ ब्रेन हैमरेज जांच कराकर दोषी अधिकारी पर कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार :** रेलवे के सिग्नल विभाग के कर्मचारियों की मौत के बाद शुक्रवार की रात उसके परिजनों ने डीआरएम कार्यालय के बाहर शव रखकर हंगामा किया। मामले की जानकारी पर आरपीएफ और अधिकारी पहुंच गए तथा परिजनों को समझाकर शांत कराया।

बारादरी थाना क्षेत्र के गोपाल नगर निवासी ताराचंद रेलवे के सिग्नल विभाग में कर्मचारी थे। परिजनों ने बताया कि कुछ दिन पहले उनका तबादला कन्नौज से फतेहगढ़ कर दिया गया था। ताराचंद के भतीजे कल्लू ने बताया कि फतेहगढ़ का एक अधिकारी उनको प्रताड़ित करता था। अवकाश के दिन भी वह उन्हें काम पर बुलाता था। इसके चलते उसके चाचा को ब्रेन हेमरेज हो गया कानपुर के अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था, शुक्रवार की सुबह उपचार के दौरान कर्मचारियों की मौत हो गई। शुक्रवार की रात परिवार के लोग सब लेकर बरेली पहुंचे और इज्जत नगर डीआरएम कार्यालय के बाहर शव रखकर मामले की जांच कर कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।

## हीलाहवाली

### सीएम युवा उद्यमी योजना : जिसने कभी लोन नहीं लिया, उसका भी सिविल स्कोर खराब बता रहे बैंक

# लोन नहीं, बहाने ... बैंकों ने रोका युवाओं का उद्यमी बनने का रास्ता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले के युवाओं के लिए रोजगार और उद्यम स्थापित करने की सरकारी पहल अब बैंक सिस्टम की बेरुखी और मनमानी के कारण बाधित है। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली सीएम युवा उद्यमी योजना, जिसमें 18 से 40 वर्ष की आयु वाले इच्छुक युवाओं को बिना गारंटी पांच लाख रुपये तक ब्याज मुक्त लोन दिया जाना है, वह बैंकों की दलीलों में फंसी हुई है।

योजना के तहत आठवीं पास युवा भी पात्र हैं, लेकिन बैंक दसवीं का प्रमाण पत्र मांग रहे हैं। ब्यूटी पार्लर खोलने वाली युवती को शादी न होने के कारण लोन देने से इनकार कर दिया गया, तो दूसरी महिला को शादीशुदा होने के चलते आवेदन करने से रोक दिया गया। सिविल स्कोर खराब बताकर भी कई पात्रों के आवेदन ठुकरा दिए गए, जबकि इनमें से अधिकांश ने कभी कोई लोन नहीं लिया।

जिले में मौजूदा वित्तीय सत्र में 2700 पात्र युवाओं को सीएम युवा उद्यमी योजना का लाभ देने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन अब तक केवल 2200 लाभार्थियों तक ही पैसा पहुंचा है। उद्योग विभाग की कोशिशों और जागरूकता कार्यक्रमों के बावजूद 5100 आवेदन बैंकों को भेजे जाने के बाद भी लाभार्थियों की संख्या आधी से कम है। योजना का लाभ नहीं मिलने से युवाओं में भारी निराशा है। इधर, बैंक की ओर से मनमाने कारण बनाकर आवेदन खारिज किया जा रहा है। उद्योग विभाग के अधिकारी बताते हैं कि योजना का मूल उद्देश्य रोजगार और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना है, लेकिन बैंक सिस्टम की उदासीनता ने इसे गंभीर चुनौती बना दी है।




### लंबी कागजी दौड़ के बाद भी बैंक कह रहे 'रुचि नहीं'

बैंक सिस्टम की उदासीनता ने युवा उद्यमियों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। रद्द किए गए आवेदनों में सबसे ज्यादा कारण यह बताया गया कि 'आवेदक की रुचि नहीं है', जबकि सवाल यह है कि जब युवा सैकड़ों रुपये खर्च कर कागजी औपचारिकताएं पूरी कर रहे हैं और लंबी मेहनत के बाद आवेदन जमा कर रहे हैं, तो उनकी रुचि अचानक कैसे खत्म हो सकती है। इसके अलावा आवेदनों को बैंक शाखा से दूरी या योजना के तहत पात्र न होने के नाम पर भी ठुकराया जा रहा है। उद्योग विभाग में रोजाना ऐसी शिकायतें आ रही हैं, जिसमें युवा बैंक पहुंचकर निराश होकर लौट रहे हैं।

> सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। आवेदनों की जांच-पड़ताल के बाद उन्हें बैंकों को भेजा जाता है। सीएम का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक युवा योजना का लाभ उठा सकें। बैंकों के स्तर पर काफी संख्या में आवेदन खारिज किए जा रहे हैं। इस समस्या को लेकर संबंधित बैंक अधिकारियों से लगातार वार्ता की जा रही है ताकि अधिकतम युवाओं को योजना का लाभ मिल सके। – **विकास यादव**, उपायुक्त उद्योग।

**केस 1**

पुराना शहर की सरोज ने ब्यूटी पार्लर खोलने के लिए योजना के तहत आवेदन प्रस्तुत किया। जांच पड़ताल के बाद बैंक को पत्रावली भेजी गई तो यह कहते हुए आवेदन खारिज कर दिया गया कि वह अभी लड़की है। उसे लोन नहीं दिया जा सकता।

**केस 2**

हरुनगला की गीता ने योजना के तहत उद्यम स्थापना के लिए अपने नजदीकी बैंक शाखा में आवेदन किया था। बैंक ने उसका आवेदन यह कहते हुए खारिज कर दिया कि आवेदक की इस उद्योग में कोई रुचि नहीं है। लोन पाने का उद्देश्य कुछ और है।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना

वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 8 फरवरी 2026, रविवार 22 फरवरी 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# नगर निगम : स्वच्छता में नया मुकाम बनाने को शहर तैयार

## स्वच्छता सर्वेक्षण में पिछले साल देश में मिली थी 20वीं रैंक, इस बार टॉप टेन में शामिल होने को चल रही जोरदार कवायद, नगर आयुक्त कर रहे निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के लिए नगर निगम पूरी तरह मैदान में उतर गया है। शहर की गलियों, नालों और सार्वजनिक स्थानों पर सुबह से ही सफाई का काम जोर-शोर से चल रहा है। नगर निगम की टीम खाली पड़े प्लॉटों से कचरा हटाने, टूटी-खराब स्ट्रीट लाइटें बदलने और डिवाइडरों पर रंग-रोगन कराने में जुटी हुई है। वहीं, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य भी स्वयं वार्डों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे हैं। पिछले साल जुलाई में तीन से दस लाख वाले शहरों में देश में बरेली शहर को 20वीं रैंक मिली थी, इस बार शहर को देश में टॉप टेन में शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है।

शहर में 80 वार्ड है, इन सभी वार्डों में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन को नियमित और प्रभावी बनाया जा रहा है। नालियों की विशेष सफाई कराई जा रही है। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय की केंद्रीय टीम किसी भी दिन सर्वेक्षण के लिए शहर में आ सकती है। टीम का आगमन अचानक होता है, इसलिए नगर निगम लगातार तैयारियों में लगा हुआ है। इसी वजह से शहर की सफाई और निगरानी का काम दिन-रात चल रहा है। सभी वार्डों में गली-गलियारा, सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थानों की नियमित सफाई की जा रही है, ताकि नागरिकों को साफ-सुथरा और स्वस्थ वातावरण मिले। कचरा प्रबंधन को और प्रभावी बनाने के लिए नगर निगम ने कई विशेष कदम उठाए हैं। ''बरेली 311'' एप के माध्यम से नागरिक अपनी शिकायतें सीधे दर्ज करवा सकते हैं, जिससे समस्याओं का तुरंत समाधान किया जा सके। इसके अलावा शहर में स्ट्रीट लाइटों की जांच और मरम्मत, सड़क किनारों की सफाई और नियमित निगरानी के साथ ही पौधरोपण और हरियाली बढ़ाने के अभियान भी चलाए जा रहे हैं। इन प्रयासों से शहर न सिर्फ स्वच्छ दिख रहा है, बल्कि हरियाली और सुंदरता भी बढ़ रही है।



कॉलेज रोड पर सिकलापुर नाले की सफाई का चल रहा काम। ● अमृत विचार



शहर में डिवाइडरों पर रंगाई-पुताई का कार्य किया जा रहा। ● अमृत विचार

- स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए इस माह किसी भी दिन आ सकती है केंद्रीय टीम
- साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण के साथ डिवाइडरों का किया जा रहा रंगरोगन

### निगरानी व्यवस्था सख्त, हर वार्ड पर नजर

नगर निगम ने स्वच्छता सर्वेक्षण के मद्देनजर अपनी निगरानी व्यवस्था को और सख्त कर दिया है। हर वार्ड में सफाई की जिम्मेदारियां तय की गई हैं, लापरवाही मिलने पर तत्काल कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति का आकलन करने के साथ ही संवेदनशील इलाकों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लगातार नजर रखने के अफसरों को निर्देश दिए हैं। साथ ही, शिकायत निवारण प्रणाली को पूरी तरह सक्रिय किया गया है, ताकि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके और शहर की सफाई में कोई कमी न रहे। यह कदम बरेली की स्वच्छता रैंकिंग को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

> नगर निगम स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए पूरी तरह तैयार है। हर वार्ड में विशेष निगरानी टीमों की तैनाती की गई है, जो नियमित रूप से गलियों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण करती हैं। इन सतत प्रयासों का उद्देश्य बरेली को देश के शीर्ष स्वच्छ शहरों में शामिल करना है। इस सकारात्मक पहल से शहर के नागरिक भी प्रेरित हो रहे हैं और स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी दिखा रहे हैं।
> – **संजीव कुमार मौर्य**, नगर आयुक्त



### खोदी और ऊबड़ खाबड़ सड़कें डाल सकती हैं प्रभाव

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में रैंकिंग बिगड़ने का सबसे बड़ा कारण सीवर लाइन डालने के लिए खोदी गईं सड़कों की समय से मरम्मत न होना पाना रहा था। इसी तरह वर्तमान में भी शहर में कई जगह सीएम ग्रिड के तहत सड़क खोदकर डाल दी गई है। इस वजह से जाम की समस्या भी बनी रहती है। सीएम ग्रिड योजना के तहत राजेंद्रनगर और डीडी पुरम में निर्माण शुरू हुए एक साल से अधिक का समय हो गया है, लेकिन केवल 60 प्रतिशत काम ही पूरा हो सका है। वहीं, दूसरी तरफ शहर के प्रमुख गल्ला बाजार श्यामगंज में साहू गोपीनाथ से श्यामगंज चौराहे तक पेयजल लाइन बिछाए हुए दस दिन से अधिक बीत चुके हैं। उबड़-खाबड़ सड़क के कारण लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

# दबंगों ने दंपती पर चाकू से किया हमला, घायल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सुभाषनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार** : मकान का छज्जा गिराने का विरोध करने पर दबंगों ने चाकू से हमला कर दंपती को घायल कर दिया। सुभाषनगर पुलिस ने चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के ऊंचा गांव निवासी ममता ने बताया कि उसके पड़ोसी नरोत्तम, बेचेलाल, अरविंद और सोमपाल ने रात में उसके घर के दरवाजे का छज्जा गिरा दिया। विरोध किया तो आरोपियों ने पति लालाराम को लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। पति बचने को घर में आए तो आरोपी भी घर में घुस आए। आरोपियों ने पति पर चाकू से हमला कर दिया। उन्हें बचाने का प्रयास किया तो उसे भी चाकू मारकर घायल कर दिया गया। सुभाषनगर पुलिस ने नरोत्तम, बेचेलाल, अरविंद और सोमपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रफ्तार का कहर : तीन लोगों को टक्कर मारकर मकान में घुसी कार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : बारादरी क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह रफ्तार का कहर देखने को मिला। एक तेज रफ्तार कार ने तीन लोगों को टक्कर मार दी। इसके बाद कार एक मकान में जा घुसी। घटना गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वहीं हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बारादरी थाना क्षेत्र के एजाज नगर गौटिया में शुक्रवार की सुबह तेज रफ्तार कार ने तीन लोगों को रौंद दिया। इससे क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। तीन लोगों को टक्कर मारने के बाद भागने की कोशिश में अनियंत्रित हुई कार एक मकान की दीवार में जा घुसी। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोग दौड़कर पहुंचे और घायलों को कार के पास से उठाकर बाहर निकाला। एंबुलेंस के पहुंचने से पहले ही लोगों ने अपने स्तर पर घायलों को नजदीकी अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों के मुताबिक तीनों की हालत गंभीर बनी हुई है।



एजाजनगर गौटिया में हुए हादसे की सीसीटीवी फुटेज।

- घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, जांच में जुटी पुलिस

हादसे की सूचना मिलते ही बारादरी थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को अपने कब्जे में ले लिया है और जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है और चालक की पहचान की जा रही है। प्रथम दृष्टया हादसे की वजह तेज रफ्तार और लापरवाही मानी जा रही है। कार की टक्कर का वीडियो गली में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। जो अब सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है।

### रामनगर में हादसा, बरेली के दो छात्र जख्मी

**रामनगर/बरेली, अमृत विचार** : नेशनल हाईवे 309 पर रामनगर से आगे रिंगोड़ा के पास शुक्रवार की सुबह पिकअप वाहन और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार बरेली के मेडिकल छात्र और छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बरेली रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि बरेली के निजी मेडिकल कॉलेज में एनेस्थेसिया विभाग के पीजीजेआर सेकंड ईयर की डॉ. प्रस्तुति और डॉ. अभिषेक गिरिजा मंदिर की ओर जा रहे थे, तभी रिंगोड़ा के पास उनकी कार की सामने से आ रहे पिकअप वाहन से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार दोनों मेडिकल छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय स्तर कुछ युवाओं ने मानवता दिखाते हुए तुरंत घायलों की मदद की और बिना देर किए दोनों घायलों को अपने निजी वाहन से रामनगर स्थित रामदत्त संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। रामदत्त संयुक्त चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. तोहिद ने बताया कि हादसे में घायल दोनों मेडिकल छात्र हैं। गंभीर हालत देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बरेली रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।



सबसे पुराना दवाखाना
गुप्त रोगी मिलें
हर तरफ से निराश रोगी मिलें



बवासीर, शीघ्रपतन, नामर्दी, बे-औलाद रोगी मिलें
भारत प्रसिद्ध
गोल्ड मेडलिस्ट
डा. शेख
हर मंगलवार
निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

# महिला की अश्लील वीडियो बनाकर की वायरल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- महिला की तहरीर पर इज्जत नगर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट
- 1 लाख की मांग पूरी नहीं करने पर रिश्तेदारों को भेजी वीडियो

**अमृत विचार** : महिला के परिचित रिश्तेदार ने उससे मुलाकात के दौरान अश्लील वीडियो बना ली। वीडियो की धमकी देकर उसने एक लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। रुपये नहीं देने पर आरोपी ने महिला की वीडियो वायरल कर दी। अब महिला ने इज्जत नगर थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र की महिला ने बताया कि उसकी जान पहचान तीन साल पहले उसके रिश्तेदार अजीत निवासी गांव फैजुल्लापुर थाना हाफिजगंज से हो गई थी। जान पहचान के चलते वह अजीत से मिलने लगी। आरोप है कि अजीत ने वीडियो कॉल के जरिये उसके कुछ अश्लील वीडियो बना लिए। इसके बाद उसने 1 लाख रुपये मांगने शुरू कर दिए। रुपये देने से इंकार करने पर आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। आरोप है कि 4 फरवरी को उसने उसके मामा के फोन पर अश्लील वीडियो भेज दी। अब आरोपी धमकी दे रहा है कि अगर पुलिस से शिकायत की तो जान से मार दूंगा।

# पुलिस ने दबोचे तीन स्मैक तस्कर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार, बरामद स्मैक की कीमत 31 लाख

**अमृत विचार** : बारादरी पुलिस ने 31 लाख की स्मैक के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्कर शहर में स्मैक स्पलाई करने के लिए आए थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके उन्हे जेल भेज दिया, जबकि मौके से फरार एक आरोपी को तलाश में पुलिस जुटी है।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि शनिवार की रात रुहेलखंड चौकी प्रभारी मनीष भारद्वाज टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग डेंटल कॉलेज के पीछे वाली रोड पर मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले हैं। पुलिस ने घेराबंदी करके तीन लोगों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पकड़े गए आरोपियों के पास से 31 लाख रुपये की कीमत की 312 ग्राम स्मैक, तमंचा कारतूस के साथ दो बाइक भी बरामद हुई हैं। पकड़े गए आरोपियों में गांव वीरपुर थाना फरीदपुर के निवासी देवेश सिंह, कमल कुमार, बिथरी चैनपुर के सुंदरपुर गांव का अनिकेत साहू शामिल हैं, जबकि फरीदपुर के कादरगंज गांव निवासी राजवीर मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में लगी हुई है।



पुलिस गिरफ्त में तस्कर।

### सीबीगंज पुलिस ने पकड़ा अफीम तस्कर

**सीबीगंज, अमृत विचार** : पुलिस ने रात्रि गस्त के दौरान तस्कर को 630 ग्राम अफीम समेत गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि टीम के साथ गत रात्रि में परसाखेड़ा में बंडिया गांव के पास नहर की पुलिया पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान घुसा गांव निवासी रेहान पुत्र कमरुद्दीन को 630 ग्राम अफीम समेत गिरफ्तार किया। उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया।

# 30 मिनट में किया शिकायत का समाधान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मिशन शक्ति : महिला ने सास-ससुर पर बेटी से काम कराने का लगाया था आरोप
- सूचना पर टीम मौके पर पहुंची तो बच्ची स्कूल में पढ़ाई करती मिली

**अमृत विचार** : एक महिला ने अपने सास ससुर पर आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की उसकी 8 साल की बेटी को नौकरानी बनाकर काम कराया जा रहा है। इसके बाद बारादरी थाने की मिशन शक्ति टीम ने 30 मिनट में शिकायत का निस्तारण कर दिया। जांच में सामने आया कि बच्ची अपने दादा-दादी के पास रहकर पढ़ाई कर रही है। बच्ची ने मां के साथ नहीं जाकर दादा-दादी के साथ रहने की इच्छा जताई।

फरीदपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला कानून गोयन निवासी सविता वर्मा ने शुक्रवार को बारादरी थाने पहुंचकर बताया कि उनके पति गौरव वर्मा की मृत्यु 26 अक्टूबर 2025 को हो चुकी है। उनकी 8 वर्ष की बेटी वैष्णवी वर्मा है। उसे सास-ससुर ने मोहल्ला कालीबाड़ी में अपने साथ जबरदस्ती रखकर नौकरानी जैसे काम ले रहे हैं। महिला ने आरोप लगाया कि उसके सास ससुर बेटी से मिलने भी नहीं देते हैं। सूचना पर थाना बारादरी पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी के साथ ससुर के घर कालीबाड़ी भेजा गया एवं चाइल्ड लाइन को भी सूचना दी गई।

मौके पर जाने पर पाया गया की बच्ची विष्णु इंटर कॉलेज गंगापुर में विद्यालय में हैं। सास-ससुर एवं महिला को लेकर टीम विद्यालय गई तो वहां पर बच्ची कक्षा 3 में पढ़ती हुई पाई गई। पुलिस पूछताछ में बच्ची ने बताया कि वह अपने दादा-दादी के साथ ही रहना चाहती है। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि मिशन शक्ति केंद्र द्वारा 30 मिनट के अंदर समस्या का समाधान किया गया।




बच्ची के साथ मिशन शक्ति टीम के सदस्य। ● अमृत विचार

# साले के मोबइल पर भेज दी पत्नी की अश्लील वीडियो

**बरेली/ बहेड़ी, अमृत विचार** :एक शख्स ने अपनी पत्नी की अश्लील वीडियो, फोटो अपने साले के ही मोबइल पर भेज दिये। इस बात से गुस्साई महिला ने अपनी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी।

जानकारी के मुताबिक गांव हसनपुर की एक महिला की शादी मीरगंज के गांव नौसना के मनोज कुमार के साथ हुई थी। महिला ने दहेज़ उत्पीड़न के आरोप में पति व ससुर के खिलाफ केस दर्ज कराया था, जो अभी अदालत में लंबित है। भरण पोषण की राशि न देने और फोन पर गंदी-गंदी गलियां देने व धमकी देने का आरोप भी महिला ने पति पर लगाया है। महिला का आरोप है कि 28 जनवरी को उसके पति मनोज ने उसकी अश्लील वीडियो बनाकर और भद्दे कमेंट लिखकर उसके भाई के मोबइल पर भेजे हैं।

## सिटी ब्रीफ

### धूप निकलने से अगले दो दिनों में तापमान बढ़ने के आसार

बरेली, अमृत विचार : दिन में तेज धूप निकलने से अगले दो दिनों में तापमान बढ़ने के असार हैं। तेज पछुआ हवाओं के असर से कोहरा भी कम होता जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 2 से 3 दिनों तक मौसम सामान्य रहेगा। तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार का कहना है कि तेज सतही हवाओं के कारण दृश्यता में सुधार होगा और सुबह के समय कोहरे का दौर भी समाप्त होगा। दिन में धूप निकलने से ठंड से राहत मिलेगी। जबकि रात और सुबह के समय हल्की ठंडक बनी रहेगी। विशेषज्ञों ने लोगों को मौसम के बदलते मिजाज को देखते हुए स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने और तेज हवाओं के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी है। फिलहाल, दिन में धूप से लोगों को ठंड से राहत मिली। पिछले कई दिनों से दिन में चटक धूप निकल रही है।

### सांसद नीरज मौर्य ने आयुष्मान योजना पर उठाए सवाल

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा में आंवला सांसद नीरज मौर्य ने आयुष्मान भारत योजना में निजी अस्पतालों की भूमिका और गुणवत्ता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि केवल आंकड़े बढ़ाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि असली चुनौती यह है कि ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में लोगों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण इलाज मिले। सांसद के प्रश्न के उत्तर में स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बताया कि 31 दिसंबर 2025 तक देशभर में 15,733 और उत्तर प्रदेश में 1,591 निजी अस्पताल योजना में पैनलबद्ध हैं, जिनमें बरेली के 209, शाहजहांपुर के 24 और बदायूं के 14 अस्पताल शामिल हैं। योजना के तहत अब तक 11.22 करोड़ लोग अस्पताल में भर्ती हुए हैं। सांसद ने फर्जीवाड़े और इलाज की वास्तविक उपलब्धता को लेकर सरकार से समीक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है।


## गुरुगांवा मुस्तकिल में भ्रष्टाचार, नोटिस जारी

बरेली, अमृत विचारः गांव गुरुगावा मुस्तकिल में कराए विकास कार्यों की जांच में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं और घटिया निर्माण का मामला सामने आया है। जांच रिपोर्ट में ग्राम प्रधान ज्ञानो देवी, सचिव अजय कुमार और शिप्रा को निर्माण कार्यों में मानकों की अनदेखी, घटिया सामग्री के प्रयोग और कुल 7,27,297 रुपये के गबन का प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 15 दिन में स्पष्टीकरण तलब किया है। दोनों सचिवों को भी शीघ्र नोटिस जारी किए जाएंगे।

मझगवां के गुरुगावां मुस्तकिल निवासी तरुण ने पिछले साल शपथ पत्र के साथ ग्राम पंचायत में कराए गए कामों में बड़े पैमाने पर घपलेबाजी की डीएम से शिकायत की थी। इसके बाद डीएम ने पीडी डीआरआईए चंद्र प्रकाश श्रीवास्ता को जांच सौंपी। जांच में कई निर्माण कार्यों में अनियमितता की पोल खुल गई। दो कंपोजिट पिट की दीवारें टूटी मिलीं तो वहीं, नालों की दीवारों पर कई स्थानों पर प्लास्टर उखड़ा था। एक नाले की दीवार पर प्लास्टर भी नहीं किया गया था।

## उपचुनाव : भाजपा से दावेदारों ने ताल ठोकनी शुरू की

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- डॉ. श्याम बिहारी लाल के निधन से रिक्त हुई फरीदपुर विधानसभा सीट
- जिला प्रशासन ने ईवीएम की एफएलसी पूरी कराकर तैयारी तेज की

अमृत विचार : फरीदपुर विधानसभा से दो बार के विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल के निधन से रिक्त हुई सीट पर उपचुनाव कराने के लिए भले ही कोई तारीख घोषित नहीं हुई है, लेकिन भाजपा के कई नेताओं ने चुनाव लड़ने के लिए अंदरखाने तैयारी शुरू कर दी है। उपचुनाव में टिकट के लिए अभी तक पांच नेताओं ने दावेदारी करते हुए आवेदन भी दे दिया है। डॉ श्याम बिहारी लाल के बेटे ईशान ग्वाल ने भी टिकट की दावेदारी की है। वहीं, जिला प्रशासन ने भी उप चुनाव को लेकर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय ने करीब 820 ईवीएम की एफएलसी करा ली है।

दरअसल, 2 जनवरी की दोपहर सर्किट हाउस में भाजपा विधायक डॉ श्याम बिहारी लाल को हार्ट अटैक आने के कुछ घंटे बाद निधन हो गया था। विधायक के निधन के बाद फरीदपुर सीट पर उपचुनाव की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। फरीदपुर के उपचुनाव में कई भाजपा नेता टिकट पाने के लिए जुगत में लगे थे। उनमें से पांच नेताओं ने ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य को अपनी दावेदारी करते हुए आवेदन दिया है। इनमें से कई नेता सोशल मीडिया के जरिये अपनी दावेदारी दिखा रहे हैं।

> फरीदपुर उप चुनाव के लिए पांच लोगों ने दावेदारी करते हुए आवेदन दिया है। इसमें डॉ श्याम बिहारी लाल के पुत्र ने भी आवेदन किया है। भाजपा की उपचुनाव के लिए पूरी तैयारी है। निर्वाचन आयोग से तारीख मिलने के बाद पार्टी सीट जीतने के लिए जी जान से जुटेगी। – **दुर्विजय सिंह शाक्य,** अध्यक्ष ब्रज क्षेत्र, भाजपा

फरीदपुर क्षेत्र के कार्यक्रमों में आवाजाही बढ़ा दी है। भाजपा के सूत्रों ने बताया कि टिकट मांगने वालों में जवाहर लाल, संजय सिंह सहित कई नेता शामिल हैं। इधर आंवला के जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह का कहना है कि उप चुनाव को लेकर आयोग पर नजरें टिकी हैं। तारीख आते ही पार्टी तैयारी में जुट जाएगी। वहीं, निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश के निर्देश पर जिला प्रशासन ने फरीदपुर विधानसभा क्षेत्र में 410 बूथों के सापेक्ष 820 ईवीएम की जांच करा ली है। उपचुनाव में प्रयोग की जाने वाली ईवीएम की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) पूरी हो गयी है। फिलहाल, उप चुनाव को लेकर तैयारियां चाक चौबंद की जा रही हैं।

## एसआईआर : समय सीमा बढ़ने से मतदाताओं को राहत

### मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में दावे आपत्तियां देने को एक माह का और मिला मौका

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बरेली कॉलेज में बीएलओ के कार्य परखते एडीएम एफआर। (फाइल फोटो)

- जिले भर में फार्म-6 134635, फार्म-7 1460 और फार्म-8 31648 भरे गए
- मतदाता सूचियों के फाइनल प्रकाशन की 10 अप्रैल निर्धारित की गई तारीख

अमृत विचारः विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता सूचियों के लिए चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में दावे और आपत्तियां दाखिल करने की समय सीमा एक माह बढ़ा दिए जाने से मतदाताओं को राहत मिली है। दावे-आपत्तियां दाखिल करने की समय सीमा शुक्रवार को समाप्त हो रही थी। इससे निर्वाचन आयोग ने समय सीमा बढ़ा दी।

विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों को दुरुस्त कराने के लिए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कराकर मतदाता सूची तैयार की गयी। इसमें मतदाताओं को दावे-आपत्तियां देने के लिए 6 फरवरी की समय सीमा निर्धारित थी, लेकिन भारत निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को दावे-आपत्तियां देने की तारीख बढ़ाकर मतदाताओं को बढ़ी राहत दी है। अब मतदाता 6 मार्च तक दावे-आपत्तियां दे सकेंगे। अब 10 अप्रैल को मतदाता सूचियों का फाइनल प्रकाशन कराने की तारीख निर्धारित की गयी है। एसआईआर के दूसरे चरण में अभी तक जिलेभर में मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए तहसीलों में 134635 फार्म-6 भरे गए हैं। सूची से नाम हटाने के लिए फार्म-7 भरकर 1460 लोगों ने आपत्तियां दर्ज करायी हैं, मतदाता सूची में दर्ज नाम में संशोधन कराने के लिए 31648 लोगों ने फार्म-8 भरा है।

**अभी तक इतने फार्म भरे गए**

| विधानसभा | फार्म-6 | फार्म-7 | फार्म-8 |
|---|---|---|---|
| बहेड़ी | 12663 | 187 | 4312 |
| मीरगंज | 9565 | 152 | 2543 |
| भोजीपुरा | 20013 | 253 | 3287 |
| नवाबगंज | 11128 | 152 | 3398 |
| फरीदपुर | 16365 | 93 | 1975 |
| बिथरी | 15335 | 156 | 2665 |
| बरेली शहर | 20880 | 152 | 7173 |
| बरेली कैंट | 18664 | 162 | 4682 |
| आंवला | 10022 | 153 | 1613 |

### गड़बड़ियों पर लाखों मतदाताओं के नोटिसों पर 27 मार्च तक जिला प्रशासन करेगा सुनवाई

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जिला निर्वाचन कार्यालय को 358387 लोगों का त्रुटिपूर्ण डाटा भेजा गया है, एक ही व्यक्ति से 6–7 लोगों की मैपिंग, नाम में त्रुटि, माता–पिता व बच्चों की उम्र में मात्र 10–15 साल का अंतर होने की गड़बड़ियां शामिल हैं, इनको नोटिस जारी करने की तैयारी शुरू हो गयी है। इन नोटिसों पर 27 फरवरी तक सुनवाई होगी।

## हड़ताल की तैयारी पूरी सरकारी विभागों में बांटे पर्चे



इंडियन बैंक के बाहर पर्चे के साथ हड़ताल का समर्थन करते कर्मचारी।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 12 को होने वाली देशव्यापी हड़ताल को लेकर अभियान तेज

अमृत विचारः 12 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन ने शुक्रवार को शहर में पर्चा वितरण अभियान जारी रखा। महामंत्री संजीव मेहरोत्रा की अगुवाई में बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब एंड सिंध बैंक, यूनियन बैंक रामपुर गार्डन, इंडियन बैंक, स्टेट बैंक, केनरा बैंक, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई विभाग, आयकर कार्यालय और कचहरी पर बैंक कर्मचारी और अधिकारी एकत्र हुए और आम जनता और कर्मचारियों को हड़ताल के बारे में जानकारी दी।

फेडरेशन के उपाध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा ने कहा कि यह हड़ताल अभूतपूर्व होगी और हमारी तैयारियां पूरी हैं। ठेकाकरण के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा और सभी खाली पदों को स्थाई रूप से भरा जाना चाहिए। मोहम्मद फैसल ने कहा कि कर्मचारियों ने अपने अधिकार संघर्ष से हासिल किए हैं और उन्हें किसी भी हालत में खोने नहीं देंगे। मांग करते हुए कहा कि चार लेबर कोड्स को वापस लिया जाए, न्यूनतम वेतन 26 हजार किया जाए और पुरानी पेंशन बहाल की जाए। पर्चा वितरण अभियान में आमिर खां, जितेंद्र पाठक, पवन कुमार, प्रेमपाल एडवोकेट और यशपाल सिंह ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## निवड़िया न्याय पंचायत के स्कूलों में पूर्ण हुआ निपुण आकलन

बरेली/फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचारः बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में कराए जा रहे निपुण आकलन का कार्य आज निवड़िया न्याय पंचायत में पूर्ण हो गया।

गौरतलब है कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालयों में 27 जनवरी से कक्षा एक और दो के बच्चों का निपुण आकलन पूरे प्रदेश में कराया जा रहा है। इसी क्रम में क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों में भी निपुण आकलन किया जा रहा था। निपुण आकलन के चलते स्कूलों में पूरी तैयारीयां की गई थी। निपुण आकलन करने के लिए डायट फरीदपुर से प्रशिक्षुओं को लगाया गया था। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी फरीदपुर शीशपाल सिंह ने बताया कि निवड़िया न्याय पंचायत के लगभग सभी स्कूलों का निपुण आकलन पूर्ण हो चुका है। माना जा रहा है कि लगभग सभी विद्यालय निपुण घोषित किए जाएंगे जिनका परिणाम कुछ दिनों के बाद आ जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 7 फरवरी तक समस्त विद्यालयों में निपुण आकलन पूर्ण कर दिया जाएगा।

## न ईओ ने दो लाख रुपये मांगे और न व्यापारी नेता ने कागजात फाड़े

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जांच समिति से मिली रिपोर्ट जिलाधिकारी ने प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री को भेजी
- व्यापारी नेता पर ईओ कक्ष में आकर दस्तावेज फाड़ने व धमकाने के आरोपों की पुष्टि नहीं

अमृत विचार : फतेहगंज पश्चिमी में कुछ माह पहले अतिक्रमण हटाने के दौरान ईओ पुष्पेंद्र राठौर और व्यापारी के बीच हुए विवाद में गठित जांच समिति ने रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी है। जांच अधिकारियों ने छह पेज में कई बिंदुओं का खुलासा किया है। समिति ने जांच रिपोर्ट बैलेंस बनायी है। दोनों पक्षों को बचाते हुए लिखा है कि ईओ के कार्यालय में घुसकर सरकारी कागजात फाड़ने, धमकाने जैसी कोई घटना होने की पुष्टि नहीं हुई है और न ही ईओ द्वारा दो लाख रुपये मांगे जाने की पुष्टि हुई। डीएम अविनाश सिंह की ओर से 4 फरवरी को जांच रिपोर्ट प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री को भेज दी गई है।

एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, एडीएम न्यायिक देश दीपक सिंह एवं एसपी नार्थ मुकेश चंद्र मिश्रा की संयुक्त जांच रिपोर्ट में बताया है कि समिति सदस्यों ने 9 जनवरी को मौके पर जाकर निरीक्षण व पूछताछ की गई। ईओ पर अतिक्रमण के नाम पर 2 लाख की रिश्वत की मांगने के आरोपों के संबंध में शिकायतकर्ता आशीष अग्रवाल के बयान लिए गए। इसमें रिश्वत मांगने के संबंध में कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं हुआ, लेकिन घटना वाले दिन मौके पर मौजूद कई व्यापारियों ने अपने बयान में ईओ द्वारा दो लाख रुपए मांगने का इशारा करने की बात कही। वहीं, व्यापारी नेता आशीष अग्रवाल पर ईओ के कक्ष में घुसकर अभद्र व्यवहार करने व सरकारी फाइलें फाड़ने आदि के संबंध में लगाए आरोप के बारे में कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों ने अधिशासी अधिकारी कक्ष में आशीष अग्रवाल के नहीं जाने, फाइल फाड़ते हुए नहीं देखने के बात कही। गालीगलौज या धमकी देने की घटना के संबंध में अधिशासी अधिकारी कार्यालय के किसी भी कर्मचारी ने घटना की वीडियोग्राफी नहीं करने, कार्यालय में सीसीटीवी कैमरे होने लेकिन एक्सेस चेयरमैन के दामाद हारुन के पास होना बताया। अधिशासी अधिकारी ने कार्यालय में कैमरे लगे होने के बाद भी सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं कराया, जिससे उनके आरोप घटना को पुष्ट कर सके। तथ्यों और बयानों से समिति के सदस्यों ने पाया कि शिकायतकर्ता आशीष अग्रवाल द्वारा ईओ पर दो लाख की रिश्वत मांगने का आरोप अपुष्ट व बलहीन है। ईओ द्वारा व्यापारी नेता आशीष अग्रवाल पर कक्ष में आकर सरकारी दस्तावेज फाड़ने के आरोप प्रथमदृष्टया अपुष्ट व बलहीन पाए गए। वहीं, व्यापारी नेता आशीष अग्रवाल ने कहा है कि जांच आख्या से स्पष्ट है कि ईओ ने पद का दुरुपयोग कर फर्जी मुकदमा दर्ज कराया है। प्रशासन से फर्जी मुकदमा खत्म करने की मांग की है।

## गोदान फिल्म में संस्कृति और धार्मिक मूल्यों का संदेश



गोदान फिल्म देखने पहुंचे मेयर, भाजपा और संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः पीलीभीत रोड के एक मॉल में शुक्रवार को फिल्म गोदान की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों दर्शकों ने देखा और इसे समाज और संस्कृति से जुड़ी प्रेरणादायक फिल्म बताया। फिल्म देखने के लिए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारी, स्वयंसेवक, भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचे। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि गोदान चलचित्र की स्क्रीनिंग हुई, मैंने फिल्म देखी, यह फिल्म 1966 में हुए गोरक्षा आंदोलन पर आधारित है। गाय भारतीय समाज और सनातन धर्म में पवित्र स्थान रखती है, जिसे इस फिल्म में प्रभावशाली तरीके से दिखाया गया। यह फिल्म सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और धार्मिक मूल्यों का संदेश भी देती है। संघ के वरिष्ठ प्रचारक कृष्णचंद्र ने कहा कि ऐसी फिल्मों का समर्थन होना चाहिए, जो समाज को जागरूक करें और संस्कृति से जोड़ें।

## संत कृपाल सिंह महाराज का मना जन्मोत्सव



भोजीपुरा स्थित स्वामी दिव्यानंद आश्रम में परम संत कृपाल सिंह महाराज का जन्मोत्सव मनाया गया। आध्यात्मिक गुरु देवेंद्र मोहन ने सत्संग और विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। देवेंद्र मोहन (भैया) ने सत्संग के माध्यम से जीवन के आध्यात्मिक सूत्र बताए और युवाओं को शिक्षा, विवाह और योग्य जीवन निर्माण पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और उपवास के महत्व पर भी जोर दिया। सत्संग के बाद भंडारा हुआ। राजनीतिक केयर फाउंडेशन की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। गेंदन लाल, प्रेम शंकर, मोहन स्वरूप, शंकर लाल, संजीव शर्मा, पंकज, संजय, अजय श्रीवास्तव, महेश का विशेष योगदान रहा। ● अमृत विचार

## लोकतंत्र की रक्षा सपा की सर्वोच्च प्राथमिकता

कार्यालय संवाददाता, बरेली



पार्टी पदाधिकारियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल। ● अमृत विचार

- सर्किट हाउस में आयोजित पदाधिकारियों की बैठक में बोले प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल
- फॉर्म-7 की गहन जांच का निर्देश मतदाता अधिकारों की सुरक्षा पर दिया जोर

अमृत विचार : एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने बरेली पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने सर्किट हाउस में पदाधिकारियों के साथ बैठक कर एसआईआर में फॉर्म-7 से संबंधित स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ स्तर पर फॉर्म-7 की गंभीरता से जांच करें।

प्रत्येक बूथ पर यह सुनिश्चित किया जाए कि कितने मतदाताओं के नाम काटे गए हैं और यह कटौती सही है या नहीं। यदि किसी मतदाता का नाम गलत तरीके से हटाया गया हो तो उसकी लिखित सूचना आवश्यक विवरण सहित तत्काल जिला कार्यालय को दी जाए। कहा कि लोकतंत्र की रक्षा समाजवादी पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी मतदाता के अधिकार के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इस अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष ने बूथ की मजबूती पर जोर दिया। प्रदेश महासचिव एवं बहेड़ी विधायक अताउर रहमान, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनकर, अशोक यादव, राजकुमार पाल, गुरुप्रसाद काले, मुस्ताक अहमद, राजेश मौर्य, जितेंद्र मुंडे, हरिओम प्रजापति, सुनीता पाल, लक्ष्मण पाल आदि मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व जिला उपाध्यक्ष रविंद्र यादव के निवास पर भोज किया। इसके बाद वह लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

## पंचायत चुनाव वृहद पुनरीक्षण : डुप्लीकेट मतदाता के सत्यापन में नवाबगंज फिसड्डी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 6 फरवरी तक के डुप्लीकेट वोटरों के सत्यापन की रिपोर्ट सामने आई
- अभी तक प्रदेश में बदायूं दूसरे नंबर और बरेली 34 नंबर पर

अमृत विचार : राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जनपद में ग्राम पंचायतों में 918288 वोटरों को डुप्लीकेट बताते हुए सत्यापन कराने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं स्थानीय निकाय) को जो रिपोर्ट भेजी गयी थी। उसके अनुसार 828779 वोटरों का सत्यापन अभी रह गया है। 9.75 प्रतिशत फीडिंग हुई है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति नवाबगंज क्षेत्र की है। यहां महज 0.09 प्रतिशत सत्यापन कार्य हुआ है। बहेड़ी व सदर क्षेत्र की स्थिति भी ठीक नहीं है। सबसे ज्यादा बेहतर कार्य मीरगंज, फतेहगंज पश्चिमी, फरीदपुर वीआरसी व फरीदपुर ब्लॉक में हुआ है।

जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं स्थानीय निकाय) के सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सतीश कुमार मौर्य की ओर से शुक्रवार तक की मिली रिपोर्ट के अनुसार आलमपुर जाफराबाद में 65255 डुप्लीकेट वोटर में से 5732, रामनगर में 40946 वोटरों में से 2723, मझगवां ब्लॉक में 66332 वोटर में से 4026 सत्यापित हुए हैं। आंवला तहसील में 172533 वोटरों में से 12481 सत्यापित हुए हैं। बिथरी चैनपुर में 67785 में से 2074 वोटर, भोजीपुरा में 58504 वोटरों में से 3453, क्यारा (आंशिक) में 47941 वोटरों में से 24, फतेहगंज बेस्ट में 11036 वोटरों में से 684 सत्यापित हुए हैं। सदर तहसील क्षेत्र में 185266 वोटरों में से 6235 सत्यापित हुए। अभी 179031 वोटरों की जांच होनी है। नवाबगंज ब्लॉक में 81316 में से 58 वोटर, भदपुरा में 59284 वोटरों में से 69 सत्यापित हुए हैं। नवाबगंज तहसील क्षेत्र के 140600 वोटरों में से 127 सत्यापित हुए, 140473 वोटर शेष हैं। दमखोदा ब्लॉक के 57518 में से 653 वोटर, बहेड़ी में 69968 वोटरों में से 4188, शेरगढ़ (आंशिक) में 39701 वोटरों में से 103 ही सत्यापित हुए हैं। बहेड़ी तहसील में 167187 वोटरों में से 4944 सत्यापित हुए, जबकि 162243 वोटर शेष हैं। फरीदपुर में 49737 वोटरों में से 12712 , भुता ब्लॉक में 66651 वोटरों में से 1638 सत्यापित हुए हैं। फरीदपुर तहसील क्षेत्र में कुल 116388 वोटरों में से 14350 सत्यापित हुए। 102038 वोटर शेष हैं। फतेहगंज बेस्ट में 44134 वोटरों में से 17099 , मीरगंज में 56873 में से 24269 , क्यारा (आंशिक) में 2502 वोटरों में से 453, शेरगढ़ (आंशिक) में 32805 वोटरों में से 9551 सत्यापित हुए हैं।

## होली पर रेलवे चलाएगा स्पेशल ट्रेनें, मिलेगी राहत



बरेली, अमृत विचार : होली पर यात्रियों को राहत देने के लिए रेलवे की ओर से बिहार, बंगाल और दिल्ली, पंजाब समेत कई राज्यों के लिए 60 स्पेशल ट्रेनें संचालित की जाएंगी। इन ट्रेनों का ठहराव बरेली जंक्शन पर भी होगा। इसके अलावा निरस्त चल रहीं 38 नियमित ट्रेनों का भी संचालन मार्च के पहले सप्ताह में किया जाएगा। इससे यात्रियों को सहूलियत मिलेगी। ट्रेनों में टिकट बुक करने के लिए अभी से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्पेशल ट्रेनें चलने पर यात्रियों को सहूलियत मिलेगी।

# देश की विविध संस्कृति को जानने के लिए पहुंचे कश्मीरी युवा

## वक्ता बोले- युवाओं के सर्वांगीण विकास एवं राष्ट्रीय एकता को मिलेगा नया आयाम, रुविवि में छह दिवसीय 'वतन को जानो' कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आगामी पांच दिन युवा सांस्कृतिक धरोहरों से रूबरू होंगे

**अमृत विचार :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में शुक्रवार को मेरा युवा भारत अभियान के तहत छह दिवसीय 'वतन को जानो' कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य कश्मीरी युवाओं को देश की विविध संस्कृति, सामाजिक संरचना एवं विकास यात्रा से परिचित कराना है। पहले दिन युवाओं का पंजीकरण किया गया।

माय भारत की उप निदेशक पुष्पा सिंह ने प्रतिभागियों को कार्यक्रम की प्रतिदिन होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम में युवाओं के लिए शैक्षणिक भ्रमण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन, संवाद सत्र एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। विशिष्ट अतिथि मेयर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं के दृष्टिकोण को व्यापक बनाते हैं और उन्हें देश की विविधता को निकट से समझने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों से अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि कश्मीर से आए इन युवाओं को आगामी पांच दिनों में बरेली के प्रमुख बाजारों, राष्ट्रीय महत्व के स्थलों, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों का भ्रमण अवश्य कराया जाए, ताकि वे बरेली की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक जीवनशैली को भली-भांति समझ सकें। माय भारत के राज्य निदेशक अनिल कुमार सिंह ने कहा कि यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम युवाओं को एक-दूसरे की संस्कृति, परंपरा और जीवन मूल्यों को समझने का सशक्त मंच प्रदान करता है। डॉ. चारु मेहरोत्रा ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे इस पूरे सप्ताह को सीखने, समझने और अनुभव साझा करने के अवसर के रूप में देखें। जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने कश्मीर से आए युवाओं से संवाद करते हुए उनके विचारों एवं अनुभवों को जाना। उन्होंने युवाओं को देश की एकता, अखंडता एवं सांस्कृतिक विविधता का संदेश देते हुए राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। जिला युवा अधिकारी शिखर रस्तोगी और मयंक भदौरिया ने आभार व्यक्त किया। संचालन अजय राज शर्मा ने किया। योगेश कुमार, मोहित शर्मा, आलोक, शिवांक, तरुण, काजल, विशाल, अनीता, मोहित और भूपेंद्र का सहयोग रहा। राज्य महिला आयोग सदस्य पुष्पा पांडेय, पूर्व जेलर मो. अकरम, चीफ वार्डन अशोक कुमार सिंह, प्रो. राकेश कुमार मौर्य, डॉ. विजय कुमार सिंहाल, डॉ. सुमित श्रीवास्तव, डॉ. ज्योति पांडेय, डॉ. छवि शर्मा, डॉ. अनिल बिष्ट, अमित तोमर उपस्थित रहे। आयोजन कुलपति प्रो. केपी सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। बता दें कि कार्यक्रम में कश्मीर के छह जिलों अनंतनाग, पुलवामा, कुपवाड़ा, बारामुला, बडगाम और श्रीनगर के युवक हिस्सा ले रहे हैं।


रुहेलखंड विश्वविद्यालय में आयोजित वतन को जानो कार्यक्रम में कश्मीरी युवक एवं युवतियों के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल व शिक्षक। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### छात्रों ने उत्पादन प्रक्रिया के बारे में जाना

**बरेली, अमृत विचार :** इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी के इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों ने एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का शुक्रवार को औद्योगिक भ्रमण किया। यह औद्योगिक भ्रमण कुलाधिपति डॉ. उमेश गौतम और प्रति कुलाधिपति पार्थ गौतम के मार्गदर्शन में हुआ। छात्रों को कंपनी की उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण, आधुनिक मशीनरी, स्वच्छता मानकों एवं नवाचार आधारित तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान उद्योग विशेषज्ञों ने छात्रों को अनुशासन, टीमवर्क, समय प्रबंधन और तकनीकी कौशल के महत्व से अवगत कराया। यह भ्रमण छात्रों के लिए न केवल शैक्षणिक रूप से उपयोगी सिद्ध होगा, बल्कि उनके करियर को लेकर नई सोच और आत्मविश्वास भी विकसित करेगा। छात्रों ने प्रो. आरके शुक्ला और डॉ. श्वेता अग्रवाल के नेतृत्व में औद्योगिक भ्रमण किया। विपुल पाली, डॉ. दिनेश तिवारी ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

### पांच केंद्रों पर होंगी मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं

**बरेली, अमृत विचार :** मदरसा शिक्षा परिषद की मुंशी, मौलवी (सेकंडरी) एवं आलिम (सीनियर सेकंडरी) की परीक्षाएं 9 से 14 फरवरी तक पांच केंद्रों पर होंगी। परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित कराई जाएंगी। इस दौरान सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। जिले में कुल 1930 परीक्षार्थियों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया है। प्रथम पाली में मुंशी एवं मौलवी सेकंडरी की परीक्षा सुबह आठ से 11 बजे तक तथा द्वितीय पाली में आलिम सीनियर सेकंडरी की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी इंद्रसेन सरोज ने बताया कि परीक्षा के लिए एमजीएम कालेज बहेड़ी, मेंहिदया इंटर कॉलेज सेंथल, शहर स्थित तिलक इंटर कॉलेज, केडीईएम इंटर कॉलेज और धौराटांडा स्थित साहू ठाकुर दास इंटर कॉलेज केंद्र बनाए गए हैं। नकल पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी केंद्रों को सीसीटीवी कैमरों से लैस रहेंगे। वेबकास्टिंग के माध्यम से राज्य स्तर से भी निगरानी रखी जाएगी। केंद्रों पर प्रशासन की ओर से सचल दस्तों और स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की जा रही है, ताकि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। सभी मदरसा संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे समय रहते विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्रों की पूरी जानकारी दें, जिससे उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# राजस्थान में आईवीआरआई के खिलाड़ियों का दबदबा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पश्चिमी क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता में तीसरी बार किया समग्र खिताब पर कब्जा
- बैडमिंटन, वालीबॉल और रिले में स्वर्ण पदक, एथलेटिक्स में भी शानदार प्रदर्शन

**अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) ने राजस्थान के अविकानगर में आयोजित आईसीएआर पश्चिमी क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लगातार तीसरी बार समग्र चैंपियनशिप जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया।

प्रतियोगिता में विभिन्न आईसीएआर संस्थानों के 95 प्रतिभागी शामिल हुए। इनमें 89 पुरुष और 6 महिला खिलाड़ी थीं। आईवीआरआई ने बैडमिंटन पुरुष, महिला और मिश्रित युगल स्पर्धाओं, वालीबॉल व चार गुणा सौ मीटर रिले में स्वर्ण पदक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त टेबल टेनिस, बास्केटबॉल, शतरंज और कैरम में रजत पदक, गोला फेंक, लंबी कूद एवं भाला फेंक में कांस्य पदक हासिल किया। टीम की यात्रा और खेल गतिविधियों का सफल संचालन मुख्य दल प्रबंधक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह के नेतृत्व में किया गया। टीम प्रबंधन में डॉ. अभिषेक, डॉ. सागर चंद, विश्वदीप का योगदान रहा। डॉ. ज्ञानेंद्र ने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान की खेल उत्कृष्टता और संगठित प्रयासों का प्रतीक है।



विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान करते अधिकारी। ● अमृत विचार

# छात्रों को उद्योग की आवश्यकताओं व नवीन तकनीकों की दी जानकारी


कार्यक्रम में एजीएम क्वॉलिटी एश्योरेंस नवीन कुमार गंगवार को सम्मानित करते बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी के डॉक्टर।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी में अकादमिक उद्योग विशेषज्ञ संवाद का हुआ आयोजन
- विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से मार्गदर्शन प्राप्त किया

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी में शुक्रवार को अकादमिक जगत एवं फार्मास्युटिकल उद्योग के बीच समन्वय को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से इंडस्ट्री एक्सपर्ट डिस्कशन का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों को उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं, नवीन तकनीकों एवं रोजगारोन्मुख कौशल से अवगत कराना था। कार्यक्रम में लाइफ साइंस इंडस्ट्री से आए एजीएम (क्वॉलिटी एश्योरेंस) नवीन कुमार गंगवार ने उद्योग की बारीकियां बताईं।

कार्यक्रम के दौरान उद्योग विशेषज्ञों ने फार्मेसी क्षेत्र में उभरते अवसरों, अनुसंधान, गुणवत्ता नियंत्रण, नियामक पहलुओं व व्यावसायिक चुनौतियों पर अनुभव साझा किए। साथ ही, उन्होंने विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक कौशल विकसित करने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल के मार्गदर्शन में हुआ। कॉलेज प्राचार्य डॉ. पुष्पेंद्र कन्नौजिया का योगदान रहा। कॉलेज शिक्षकों में डॉ शैलेन्द्र कुमार वर्मा, डॉ पारस कुमार प्रजापति, डॉ रतनदीप चौहान ने अकादमिक पाठ्यक्रम और उद्योग की अपेक्षाओं के बीच की खाई को पाटने के लिए ऐसे संवादों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विशेषज्ञों से प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# संत रविदास का जीवन भाईचारे का अनुपम उदाहरण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विश्व हिंदू महासंघ ने संत शिरोमणि रविदास जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन कराया

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू महासंघ बरेली इकाई के तत्वावधान में शुक्रवार को संत शिरोमणि रविदास जयंती पर 'सामाजिक समरसता' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन झालर पीपल मंदिर में किया गया।

मुख्य अतिथि धर्माचार्य प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री डॉ. महंत सुखराम दास एवं मुख्य वक्ता गौ रक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री नीरज सैनी रहे। अतिथियों ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास का जीवन सामाजिक समानता, मानव गरिमा और भाईचारे का अनुपम उदाहरण है। संत रविदास के संदेश ''मन चंगा तो कठौती में गंगा'' को आत्मशुद्धि और सामाजिक सद्भाव का मार्गदर्शक बताया। जिलाध्यक्ष देवेश कुमार पटेल ने कहा कि संत रविदास ने श्रम की प्रतिष्ठा स्थापित कर समाज के प्रत्येक वर्ग को सम्मानपूर्वक जीवन जीने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि में प्रदेश मंत्री अशोक अग्रवाल, प्रदेश मंत्री राजेश मौर्य 'बबलू', मंडल प्रभारी ओमपाल मौर्य, प्रदेश मंत्री डॉ. वाल व्यास रोहित नंदन, भाजपा किसान मोर्चा आंवला के जिलाध्यक्ष नीरज पटेल रहे। जिलाध्यक्ष ने बिथरी चैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष नमन शर्मा को नियुक्त किया। संचालन जिला उपाध्यक्ष मनोज कश्यप, मीडिया प्रभारी सौरभ गिरी ने किया। जिला प्रवक्ता सुरेश पाल सिंह ने भी विचार रखे। पुनीत शर्मा, रामौतार पाठक, सूर्य प्रकाश शर्मा, पंकज अग्रवाल, मुकेश राठौर, सुनील पटेल, वीरपाल सिंह, केशव सिंह, रमन चतुर्वेदी, प्रदीप पंडित आदि उपस्थित रहे।



संगोष्ठी में मौजूद विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारी और अतिथि। ● अमृत विचार


# बच्चों को मोबाइल की लत से बचाने का आह्वान

- आनंद आश्रम में सत्संग में स्वामी नित्यानंद सरस्वती महाराज ने धर्म-कर्म व मोक्ष का महत्व बताया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** आनंद आश्रम में हुए सत्संग में शुक्रवार को महामंडलेश्वर स्वामी नित्यानंद सरस्वती महाराज ने धर्म-कर्म, मोक्ष के महत्व पर विस्तार से बताया। उन्होंने लोगों से बच्चों को मोबाइल की लत से बचाने और घर में बनाए गए भोजन को ही ग्रहण करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि प्रभु कृपा से मिले जीवन को भगवान सेवा में समर्पित करना चाहिए, इस कलियुग में सभी को धन की जरूरत है, लेकिन हमें सही कार्यों से धन कमाना चाहिए। संतों का


सत्संग में बोलते नित्यानंद सरस्वती महाराज।

आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आगे रहना चाहिए। कहा कि यदि किसी परिवार का एक सदस्य संत बन जाता है, उस परिवार की सात पीढ़ी का उद्धार हो जाता है। हमें कभी भी अपने मन को भटकने नहीं देना चाहिए। क्रोध के आवेश में हम भूल जाते हैं कि हमें भगवान ने जीवन किस लिए दिया है। इस व्यस्त जीवन में अपने परिवार को भी समय अवश्य देना चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु वंदना से हुई। उसके बाद भजनों की प्रस्तुति हुई। सारे तीरथ धाम आपके चरणों में हे गुरुदेव प्रणाम आपके चरणों में...राम जी पधारिए अवध में, अवध बिहारी मेरे राम जी पधारिए, बजाओ ढोल स्वागत में मेरे गुरुदेव पधारे हैं... आदि भजन सुनकर श्रद्धालु झूम उठे। स्वामी नित्यानंद का स्वागत किया गया। आरती के बाद प्रसाद बांटा गया। समिति के मंत्री अनिल अग्रवाल ने बताया कि आनंद आश्रम में 15 फरवरी तक मथुरा से पधारे पंडित प्रदीप कृष्ण अनुरागी श्रीमद भागवत कथा के अंतर्गत कपिल चरित्र पर कथा का श्रवण प्रातः 8.45 बजे से कराएंगे। शशि कांत मोदी, कथावाचक पंडित सतेंद्र शास्त्री, नर सिंह मोदी, अनुज अग्रवाल, अनिल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# नेटबॉल : रुविवि और बरेली कॉलेज की टीम विजेता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर स्थित पंडित दीनदयाल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में शुक्रवार को अंतर विश्वविद्यालयी पुरुष और महिला नेटबॉल प्रतियोगिता हुई। इसमें विश्वविद्यालय से संबद्ध 10 महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

पुरुष वर्ग में विश्वविद्यालय परिसर की टीम और महिला वर्ग में बरेली कॉलेज की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता के आधार पर आगामी अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयी पुरुष और महिला नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया।


विजेता टीम के खिलाड़ी।

कुलसचिव हरीश चंद, परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह, क्रीड़ा परिषद सचिव डॉ. एसएस बेदी, आयोजन सचिव डॉ. अजीत सिंह, सह-क्रीड़ा सचिव डॉ. विजय कुमार सिंहाल, सहायक-क्रीड़ा सचिव डॉ. इंद्रप्रीत कौर, धर्मेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सिटी डायरी

### बजट में किसानों को मिलेगी मदद : डॉ. अजीत सिंह



**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अर्थशास्त्र विभाग में शुक्रवार को 2026-27 के यूनियन बजट पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। विभागाध्यक्ष प्रो. आशुतोष प्रिया ने बताया कि सरकार का इस बार 53,47,315 करोड रुपये खर्च करने का अनुमान है, जो 2025-26 के संशोधित अनुमान से 7.7% अधिक है। प्राप्तियां 36,51,547 करोड रुपये होने का अनुमान है, जो 2025-26 के संशोधित अनुमान से लगभग 7.2 प्रतिशत अधिक है। डॉ. अजीत सिंह ने बजट क्या है, बजट किस तरह से पेश किया जाता है, नए बजट में क्या-क्या प्रावधान किए गए, किन-किन बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया आदि के बारे में बताया। मौजूदा योजनाओं और विशिष्ट उपाय के अभिसरण के माध्यम से कम उत्पादकता कम उपज और औसत से कम मापदंडों वाले 100 जिलों को शामिल किया जाएगा। इसमें 1.7 करोड़ किसानों को मदद मिलने की संभावना है। डॉ. सुबोध धवन ने कॉरपोरेट सेक्टर, शिक्षा के क्षेत्र में किए गए सुधार व विस्तार के विषय पर कहा कि मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में अगले 5 वर्षों में सीटें बढ़ाने के लक्ष्य की दिशा में काम होगा। प्रो. जेएन मौर्य ने भी बजट से जुड़ी अहम जानकारी दी। डॉ. मो. इसरार खान ने बजट में इनकम टैक्स आदि बिंदुओं के बारे में बताया। संचालन डॉ. जानकी ने किया। रिजवान, छात्र-छात्राओं की उपस्थित रही।

### रूटा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ




**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर स्थित पांचाल सभागार में शुक्रवार को शिक्षक संघ (रूटा) के नवनिर्वाचित पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह कुलपति प्रो. केपी सिंह व चुनाव पर्यवेक्षक प्रो. विनय ऋषिवाल के नेतृत्व में हुआ। पर्यवेक्षक ने अध्यक्ष पद पर प्रो. मनोज कुमार सिंह को, महामंत्री पद पर डॉ. सुरेश कुमार, उपाध्यक्ष पद पर डॉ. रामकेवल, संयुक्त मंत्री पद पर डॉ. प्रिया सक्सेना, कोषाध्यक्ष पद पर डॉ. पंकज राय को शपथ दिलाई। सभी पदाधिकारियों ने शिक्षकों के हितों की रक्षा व विश्वविद्यालय के विकास एवं संचालन में सकारात्मक सहयोग प्रदान करते रहने की शपथ ली। अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार सिंह ने शिक्षकों के हितों तथा विश्वविद्यालय के विकास व चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए। महामंत्री डॉ. सुरेश कुमार ने शिक्षक संघ की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि तथा विश्वविद्यालय के विकास में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। संचालन महामंत्री डॉ. सुरेश कुमार और संयुक्त मंत्री डॉ. प्रिया सक्सेना ने आभार जताया। प्रो. एसएस बेदी, प्रो. एके सिंह, प्रो. सुधीर वर्मा, प्रो. संतोष अरोड़ा, प्रो. अर्चना गुप्ता, डॉ. अनीता त्यागी, डॉ. पवन कुमार, डॉ. रामबाबू सिंह मौजूद रहे।

### नौ कन्याओं का सामूहिक विवाह कराएगा बाबा महाकाल सेवा ट्रस्ट



**बरेली, अमृत विचार :** बाबा महाकाल सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में 9 फरवरी की सुबह 9.30 बजे से सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन प्रभात नगर स्थित सोमनाथ मंदिर में होगा। अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल व सचिव सुदेश सक्सेना ने बताया कि मां भगवती के नव स्वरूपों की अनुभूति के क्रम में बाबा महाकाल सेवा ट्रस्ट आर्थिक अक्षम परिवारों से गोद ली गयीं नौ कन्याओं का शुभ पाणिग्रहण संस्कार आयोजित करेगा। मुख्य अतिथि मेयर डॉ. उमेश गौतम रहेंगे। गृहस्थी का सामान व आर्थिक सहयोग भी दिया जायेगा। उपाध्यक्ष आचार्य रमाकान्त दीक्षित ने बताया कि विधि-विधान से सम्पन्न कराया जायेगा। आयोजन स्थल पर नौ वेदियां तैयार की जायेंगी। प्रेसवार्ता में कोषाध्यक्ष उमंग गर्ग, सह सचिव मनोज बंसल, अजय राज शर्मा, हर्ष कुमार अग्रवाल एडवोकेट, अमित रस्तोगी, सुरेश चंद्र गुप्ता, दीपेश कुमार अग्रवाल, अमित कुमार अग्रवाल, मुकेश बंसल, अनिल खण्डेलवाल, संजय अग्रवाल, मोहित रस्तोगी, लखन शर्मा, समक्ष अग्रवाल, पूनम गर्ग, सिद्धांत बंसल, रविदत्त, आशीष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम | बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन

# विद्यार्थियों को बौद्धिक संपदा अधिकारों की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कार्यशाला का विषय आईपीआर एवं पेटेंट्स और डिजाइन फाइलिंग रहा

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के नवाचार प्रकोष्ठ की ओर से राजीव गांधी राष्ट्रीय संपदा प्रबंधन संस्थान नागपुर के सहयोग से राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन के अंतर्गत शुक्रवार को ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स (आईपीआर) एवं पेटेंट्स और डिजाइन फाइलिंग रहा।

राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन में विद्यार्थियों और शिक्षकों को बौद्धिक संपदा अधिकारों, पेटेंट व डिजाइन पंजीकरण की प्रक्रिया तथा उससे जुड़े कानूनी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में असिस्टेंट कंट्रोलर नागपुर राजू कुमार ने आईपीआर की अवधारणा, पेटेंट व डिजाइन के प्रकार, फाइलिंग प्रक्रिया और व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों में नवाचार, शोध और रचनात्मक कार्यों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यशाला में दस से अधिक राज्यों और अंतरराष्ट्रीय स्तर से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों को पेटेंट व डिजाइन पंजीकरण की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और समय-सीमा की जानकारी दी गई। प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता कर अपने संदेहों का समाधान प्राप्त किया।

संचालन सहायक आचार्य अंजली भान ने किया। कुलसचिव डॉ. एसके ठाकुर ने आयोजन के लिए राजीव गांधी राष्ट्रीय संपदा प्रबंधन संस्थान नागपुर और भारत सरकार का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रखने की बात कही। कार्यक्रम कुलपति डॉ. लता अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। परीक्षा नियंत्रक डॉ. एके अग्रवाल, नवाचार प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. पुष्पेंद्र कनौजिया और उपचर्या महाविद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका ए मसीह का सहयोग रहा। समन्वय सहायक कुलसचिव व आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ प्रभारी सरनाम सिंह तथा सहायक परीक्षा नियंत्रक व अनुसंधान समन्वयक अनुज तिवारी ने किया।


कार्यशाला में मौजूद विद्यार्थी और शिक्षक। ● अमृत विचार